# किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ

## फिजियोलॉजी सोसाइटी

## फिजियोलॉजी विभाग

## 106वां वार्षिक फिजियोलॉजी दिवस

---

### प्रेस विज्ञप्ति

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के फिजियोलॉजी विभाग एवं फिजियोलॉजी सोसाइटी के तत्वाधान में **106वां वार्षिक स्थापना दिवस** एवं **प्रोफेसर आर0सी0शुक्ला स्मारक व्याख्यान** दिनांक **06 मई 2017** को अत्यंत अभिनव ढंग से सम्पन्न हुआ। विषय "Indigenous Biomedical Devices from Clinicians to Clinicians – The Necessity of National Hubs" प्रो0 के0 शंकरन, कोआर्डिनेटर, नेशनल हब फॉर हेल्थकेयर इंस्ट्रूमेंटेशन डेवलपमेंट (एन.एच.एच.आई.डी.) अन्ना यूनिवर्सिटी, चेन्नई ने अपने सरल एवं सारगर्भित शब्दों में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि **मा0 श्री संदीप सिंह, राज्यमंत्री, चिकित्सा शिक्षा, उत्तर प्रदेश सरकार** थे।

उक्त समारोह की अध्यक्षता हमारे प्रेरणास्रोत परम् आदरणीय कुलपति मा0 **प्रो0 एम0एल0बी0 भट्ट** सर ने की, आदरणीय कुलपति महोदय, समारोह के सम्पूर्ण समय तक हमारे बीच सेल्बी हॉल (प्रशासनिक भवन) में उपस्थित रहकर छात्रों एवं शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया।

फिजियोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्षा **प्रो0 सुनीता तिवारी** ने समारोह में आये सभी अतिथिगण, गणमान्य लोगों का स्वागत किया तथा विभाग की वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की।

समारोह के दौरान एम0बी0बी0एस0, बी0डी0एस0 2016 बैच के छात्रों को बसन्तोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, वार्षिक सेमिनार प्रजेन्टेशन एवं वाद–विवाद प्रतियोगिताओं के लिये पुरस्कार दिये गये। विभाग के पूर्व शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

दिनांकः 06/05/2017

(प्रो0 सुनीता तिवारी)
विभागाध्यक्षा